

1973-2026

**सम्पादक की क़लम से**

# यूरोप के बाद इजराइल से फ्री ट्रेड डील

भारत और इजरायल के बीच अब फ्री ट्रेड डील होने की संभावना है। बजट से पहले इस खबर का खूब चर्चा है। भाजपा और कांग्रेस के लिए कहा जा रहा है कि दोनों अपने-अपने वोट बैंक से दूर जा रही हैं। भाजपा यूजीसी के कारण और कांग्रेस मुस्लिमों पर ध्यान न देने के कारण। यूजीसी के विरोध के बाद कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में भाजपा, मंडल और कमंडल को कैसे साधेगी? कांग्रेस छोड़ चुके मुस्लिम नेता कह रहे हैं कि नेता ही नहीं वोटर भी कांग्रेस से दूर हो रहे हैं, उनका इशारा ओवैसी की पार्टी के प्रदर्शन को लेकर है। इन सब चर्चाओं के बीच भारत-इजराइल के बीच फ्री ट्रेड डील का चर्चा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने अब अपनी ट्रेड डिप्लोमेसी की रफ्तार बढ़ा दी है। बीते दिन यूरोपियन यूनियन के साथ 'मदर ऑफ ऑल डील्स' एफटीए साइन किया गया। भारत-इजराइल के काफी मजबूत संबंध रहे हैं। इन संबंधों में डिफेंस पर फोकस रहा है। अब दोनों देश फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। भारत में इजरायल के राजदूत रियूवेन अजार ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच के मजबूत संबंध का जिक्र करते हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर जल्द समझौता होने की उम्मीद जताई है। भारत के एक निजी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान इजरायली राजदूत ने जल्द व्यापार समझौता होने की संभावना जताई है। राजदूत अजार ने पुष्टि की है कि इजरायल और भारत ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत के लिए नियमों पर हस्ताक्षर किए हैं। इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बात करते हुए इजरायली राजदूत ने कहा कि ट्रेड को आसान बनाने और सामान की लागत कम करने के लिए लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में इजराइल जोर दे रहा है। इजरायल में हमारी एक टास्क फोर्स है, जो लॉजिस्टिक्स से निपटने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर काम कर रही है, क्योंकि हम ट्रेड को आसान बनाना चाहते हैं। हम सामान लाने-ले जाने की कीमत कम करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि इससे सभी के लिए इकोनॉमिक खुशहाली आएगी। बेशक, हमें उम्मीद है कि भारतीय पार्टनरशिप के साथ, दूसरे देशों के साथ मिलकर, यूनाइटेड स्टेट्स की लीडरशिप में, हम कई देशों में कारोबार को आसान बना पाएंगे, यह तो देखना बाकी है, लेकिन इस बीच, हमें प्राइवेट सेक्टर को सामान लाने-ले जाने में मदद करने के लिए जो कुछ भी हम कर सकते हैं, वह करना होगा, और हम यही कर रहे हैं। भारत और इजरायल के बीच मजबूत आर्थिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इजरायल अकेला ऐसा देश था, जिसने भारत के पाकिस्तान पर हमले का सीधा समर्थन किया था। अब भारत और इजरायल के बीच सामान्य सामानों की खरीदारी के साथ-साथ रक्षा सौदे भी काफी मजबूत हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में डिफेंस सेक्टर को छोड़ दिया जाए, तो द्विपक्षीय व्यापार 3.75 अरब डॉलर का था। हालांकि दोनों देशों के बीच कारोबार का उच्चतम स्तर 2023-24 था, जब द्विपक्षीय कारोबार बढ़कर 10.77 अरब डॉलर था। इजरायल के साथ कारोबार में भारत का फायदा हासिल है। भारत, इजरायल को ज्यादा सामान बेचता है, खरीदता कम है। इजरायल से भारत का आयात पिछले वित्त वर्ष में 1.61 अरब डॉलर था। रूस के बाद अब इजरायल, भारत का दूसरा सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर बन गया है। इजरायल के सालाना हथियार निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत के आसपास है। भारत और इजरायल के बीच बराक-8 मिसाइल सिस्टम का जॉइंट डेवलपमेंट और भारत में हर्मेस 900 ड्रोन का प्रोडक्शन शामिल है। इजरायल के साथ भारत का कृषि सेक्टर के लिए मजबूत सहयोग है। ये सहयोग तीन साल की कार्य योजनाओं के माध्यम से मैनेज किया जाता है। इजरायल ने ड्रिप सिंचाई और फसल विविधता में टेक्नोलॉजी शेयर करने के लिए 13 भारतीय राज्यों में 31 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं। भारत इजरायल औद्योगिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट को 2023 से 2027 के लिए 40 मिलियन डॉलर दिए गये हैं। इसका मकसद एआई और औद्योगिक अनुसंधान का विस्तार करना है। भारत के एक ग्रुप के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने 2022 में 1.18 अरब डॉलर में हाइफा पोर्ट का अधिग्रहण किया था। ये प्रस्तावित इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने इजरायल की यात्रा कर सकते हैं। सुनने में आ रहा है कि फरवरी के अन्त में पीएम मोदी का इजरायल दौरा हो सकता है। ये दूसरी बार होगा जब प्रधानमन्त्री मोदी इजरायल की यात्रा करेंगे। हालांकि पिछले साल के अंत में इजरायली प्रधानमन्त्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा होने वाली थी, लेकिन उनका दौरा टल गया। इजरायली राजदूत ने कहा कि फरवरी महीने में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल तेल अवीव की यात्रा करने वाला है। इस दौरान फ्री ट्रेड डील पर बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि शुरूआती बातचीत आसान मुद्दों पर की जाएगी और उसके बाद ज्यादा जटिल मुद्दों पर एक राय बनाने के लिए बातचीत की जाएगी। इजरायली राजदूत ने उम्मीद जताई है कि व्यापार डील पर इसी साल समझौता होने की पूरी उम्मीद है। भूतपूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी की कार्यकाल अवधि में इजराइल के साथ सम्बन्धों को नये आयाम तक पहुँचाने की पुरजोर कोशिश की गयी। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमन्त्री रहते हुए ही इजराइल के तत्कालीन राष्ट्रपति एरियल शेरोन ने भारत की यात्रा की थी। वह यात्रा भी किसी इजराइल राष्ट्रपति की पहली यात्रा थी। 2015 में पहली बार पहली बार भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का इजराइल दौरा हुआ था। 2014 में भाजपा के सत्ता में आते ही भारत और इजराइल के बीच सहयोग बढ़ा और दोनों राजनितिक दलों की आतंकवाद के प्रति एक जैसी विचारधारा होने के कारण भारत और इजराइल के सम्बन्ध प्रगाढ़ हुए। आज इजराइल, रूस के बाद भारत का सबसे बड़ा सैनिक सहायक और निर्यातक है। भारत तथा इजराइल में आतंकवाद के बढ़ने के साथ ही भारत तथा इजराइल के सम्बन्ध भी मजबूत हुए। अब तक भारत ने इजराइल के लगभग 8 सैन्य उपग्रहों को भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन के माध्यम से प्रक्षेपित किया है।

## चार तीर

सुनील उत्सव

**'चोट' 'इन्सान' 'नुकसान' 'कार्बन'**

दूसरों को चोट देकर आगे बढ़ता जा रहा,
इस कदर इन्सान का दिल हो गया काला के बस।
देश का नुकसान करके फायदे की सोचना,
सोच पर भी आदमी की कार्बन आया के बस।



संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6379, दिनांक 16/06/2022 में गलती से पुत्र का नाम हंस भदौरिया अंकित करा दिया गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम हंसराज सिंह भदौरिया है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- संजय सिंह भदौरिया
निवासी- 41-C, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M:. 8707363360

## रस्म तेरहवीं

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य
**श्रीमती ममता रानी**
(धर्मपत्नी स्व0 श्री ओमप्रकाश काम्बोज) का
आकस्मिक निधन दिन- बृहस्पतिवार, 22 जनवरी 2026 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म तेरहवीं दिन-रविवार, दिनांक 1 फरवरी, 2026**

हवन — प्रातः 8 बजे
ब्रह्मभोज — दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी — दोपहर 02:00 बजे

स्थानः- आशीर्वाद बैंकट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल :-
डॉ. पी.के. काम्बोज-शिखा काम्बोज (पुत्र-पुत्रवधू)
नवीन काम्बोज-श्वेता काम्बोज (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. पराग काम्बोज- अंकिता काम्बोज (पौत्र-पौत्रवधू)
प्रणव काम्बोज (पौत्र)
मृत्युंजय काम्बोज (पड़पौत्र)
ट्विंकल-वेदांत अग्रवाल
मानवी-संस्कार सिंघल
(पौत्री-पौत्रीदामाद)

-: निवास स्थान :-
120, प्रेमपुरी (काम्बोज हॉस्पिटल), मुजफ्फरनगर
M:.9897026800, 9897973955













# आरएसडी पब्लिक स्कूल के 24 वर्ष पूर्ण होने पर रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रम ने अभिभावकों का मन मोहा







## - शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की आधारशिला है : अंकुर दुआ

**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बुस.)।** नगर के आर.एस.डी. पब्लिक इंटर कॉलेज, रूड़की रोड के एनुअल फंक्शन में मीनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन मुजफ्फरनगर एवं अंकुर दुआ संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने विद्यार्थियों को पढ़ाई, कैरियर और अच्छे भविष्य से जुड़ी उपयोगी टिप्स दीं। मेधावियों को पुरस्कृत किया। शहर के रूड़की रोड पर स्थित आर.एस.डी. पब्लिक इंटर कॉलेज, रूड़की रोड के 24 वर्ष पूरे होने पर रंगमंच थीम के अंतर्गत 5वें वार्षिकोत्सव में मीनाक्षी स्वरूप नगरपालिका चेयरमैन मुजफ्फरनगर एवं अंकुर दुआ संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन मुख्य अतिथि रहे। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय चेयरमैन डॉ. सतीश गुप्ता, वाईस चेयरमैन सरिता गुप्ता, प्रिंसिपल जूनियर विंग आकांशा गुप्ता, डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल सीनियर विंग सचिन गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। एनुअल फंक्शन के अवसर पर विद्यालय के छात्र-



छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ, नृत्य, गीत एवं नाट्य मंचन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। इस अवसर पर मीनाक्षी स्वरूप एवं अंकुर दुआ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, आत्मसंयम, समय प्रबंधन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को मोबाइल फोन से दूर रहने के लिए विस्तार से बताया एवं कहा कि किसी भी बच्चे का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब शिक्षा के साथ संस्कार, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ी हो। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच अपनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज के प्रति सहानुभूति रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और बच्चों को



पुस्तकों, विज्ञान, कला एवं खेल—सभी क्षेत्रों में रुचि विकसित करनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए लक्की ड्रा कूपन भी निकाले गए, जिसमें साईकिल, ग्राइंडर मिक्सर, टी-सेट, डिनर सेट आदि विशेष उपहार कार्यक्रम का आकर्षण बने। सभी मेधावी छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों को भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## भारत एजूकेशनल इंस्टीट्यूट

2 किमी0 बरला-बसेड़ा रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) 251307

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण सत्र 2025 में मैनेजमेन्ट कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन।
कॉलेज कोड-270002

योग्यता
सामान्य वर्ग /अन्य राज्य हेतुः- शैक्षिक योग्यता- न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक
आयु सीमा- 1 जौलाई 2025 को अधिकतम आयु 35 वर्ष

नोटः- उ0प्र0 के मूल निवासी हेतु आरक्षित वर्ग व विकलांग वर्ग को नियमानुसार छूट

- आवेदन करने की तिथि दिनांकः 01/02/2026 से 10/02/2026
- मैरिट लगने की तिथि दिनांकः 12/02/2026

प्रथम चरण (केवल उ0प्र0 के मूल निवासी हेतु)

- काउंस्लिंग की तिथि दिनांकः 13/02/2026
- प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांकः 17/02/2026

द्वितीय चरण (उ0प्र0 व अन्य राज्य के अभ्यर्थी हेतु)

- काउंस्लिंग की तिथि दिनांकः 18/02/2026
- प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांकः 21/02/2026

प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि दिनांकः 24/02/2026

सम्पर्क- 9917360366, 9012813638
वेबसाईट- www.beimzn.com | ईमेल- beimzn@rediffmail.com

## नजर हटी दुर्घटना घटी, अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई कार



**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बु.)।** नगर के व्यस्ततम इलाके सदर बाजार के बाहर आज उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कार अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर में जा घुसी। डिवाइडर की टक्कर से कार के अगले हिस्से का इस दुर्घटना से बड़ा नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि कार में सवार लोग सुरक्षित हैं और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सदर बाजार के बाहर स्थित इस डिवाइडर पर यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी यहाँ कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। लोगों का मानना है कि डिवाइडर की बनावट या वहां उचित संकेतक न होने के कारण अक्सर चालक भ्रमित हो जाते हैं और "नजर हटते ही" हादसा हो जाता है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुई इस घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

## ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स दिवस का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बुस.)।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स एक्टिविटी के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर एवं कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। तत्पश्चात विभिन्न हाउस- रमन,बोस, भाभा, कलाम, हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में अभिलाष व समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, शटल रेस, स्पून रेस, स्लो साइकिलिंग रेस, थ्रो शॉट पुट, डिस्कस थ्रो एवं जैवलिन जैसी अनेक रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक खेल गतिविधियाँ शामिल रहीं। 200 मी. रेस, छात्र वर्ग में प्रथम स्थान परम गुप्ता, द्वितीय स्थान लक्ष्य धीमान तथा तृतीय स्थान युवराज गोडवानी ने प्राप्त किया। रिले रेस, छात्र वर्ग में- प्रथम स्थान युवराज गोडवानी, द्वितीय स्थान परम गुप्ता तथा तृतीय स्थान नितिन हिरनवाल ने प्राप्त किया। रिले रेस, छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान मानवी, द्वितीय स्थान इशिका राठी तथा तृतीय स्थान याशफीन नूर ने प्राप्त किया। स्पून रेस, छात्र वर्ग में- प्रथम स्थान अंश, द्वितीय स्थान भावेश तथा तृतीय स्थान जसमीत ने प्राप्त किया। स्पून रेस, छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान सना, द्वितीय स्थान आनी अग्रवाल तथा तृतीय स्थान अक्षरा राठी ने प्राप्त किया। स्लो साइकलिंग रेस, छात्र वर्ग में- प्रथम स्थान जसमीत, द्वितीय स्थान अंश तथा तृतीय स्थान परम गुप्ता ने प्राप्त किया। स्लो साइकिलिंग रेस, छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान नव्या, द्वितीय स्थान जान्हवी तथा तृतीय स्थान संस्कृति गुप्ता ने प्राप्त किया। थ्रो शॉट-पुट छात्र वर्ग में- प्रथम स्थान युवराज गोड़वानी, द्वितीय स्थान लक्ष्य धीमान तथा तृतीय स्थान शिव तोमर ने प्राप्त किया। थ्रो शॉट पुट छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान इशिका राठी, द्वितीय स्थान अक्षरा राठी तथा तृतीय स्थान याशफीन नूर ने प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो, छात्र वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्य धीमान, द्वितीय स्थान युगांक सिंह पंवार तथा तृतीय स्थान युवराज गोड़वानी ने प्राप्त किया। डिसकस थ्रो, छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान अक्षरा राठी, द्वितीय स्थान अक्षिता तथा तृतीय स्थान अनुष्का ने प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो, छात्र वर्ग में- प्रथम स्थान अभिषेक पाल, द्वितीय स्थान शिव तोमर तथा तृतीय स्थान लक्ष्य धीमान ने प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो, छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान अक्षरा राठी, द्वितीय स्थान नैंसी पाल तथा तृतीय स्थान अनुष्का ने प्राप्त किया। शटल रन, छात्र वर्ग में- प्रथम स्थान लक्ष्य धीमान, द्वितीय स्थान परम गुप्ता तथा तृतीय स्थान युवराज गोड्वानी ने प्राप्त किया। शटल रन, छात्रा वर्ग में- प्रथम स्थान इशिका राठी, द्वितीय स्थान मानवी तथा तृतीय स्थान आनी अग्रवाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य आजाद वीर ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया।

## मुकल्लमपुरा में अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई



**मीरापुर, 31 जनवरी (बु.)।** अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जयंती कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता एवं सह संयोजक शिवम राजवंशी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जी की जन्मस्थली ग्राम मुकल्लमपुरा से झंडे के साथ भव्य शोभायात्रा, राजा रत्न चंद्र के स्वरूप को विराजमान कर निकाली गई, जो दयमपुरा काली मां के मंदिर से प्रारंभ होकर राजा जी के किले तक निकाली गई और उनके राजध्वज को उनके किले पर विराजमान किया गया। सभी ने बड़े जोर-शोर के साथ अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जी अमर रहे के नारे लगाए और उनके दिखाए रास्तों ओर सिद्धांतों पर चलने का वचन लिया तथा प्रदेश सरकार से मांग की कि ये पौराणिक धरोहर है, जिसमें भारतीय सभ्यता नजर आती है, जो अपने अंदर एक विशाल इतिहास समेटे हुए है, का जीर्णोद्धार करने का कार्य करे। समस्त राजवंश समाज इसमें सहयोग को तैयार है। शोभायात्रा का प्रारंभ केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल ओर मुख्य संयोजक शलभ गुप्ता द्वारा किया गया। शोभा यात्रा के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य रूप से कुलदीप कंसल, शलभ गुप्ता एडवोकेट, शिवम राजवंशी, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, अजय गर्ग, अश्वनी सिंघल, मनीष राजवंशी, राजीव गर्ग, पुलकित गुप्ता, आशुतोष राजवंशी, अनुपम गुप्ता, दीपक गुप्ता, संदीप राजवंशी, सुधीर गुप्ता, पंकज गुप्ता, रूपेश गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, इशु गुप्ता, सौरभ कुच्छल, अप्पू राजवंशी, पंकज गुप्ता, माणिक गर्ग, अभिमन्यु गर्ग, पंकज बाघरा वाले, हर्ष राजवंशी आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक:- 908/ज0क0/2025-26 — दिनांक:-31/01/2026

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के जलकल विभाग द्वारा निम्न कार्य क्रमश संख्या-01 नलकूप संख्या -38 पर अधिष्ठापित जरनेटर की चार दीवारी एवं गेट लगवायें जाने का कार्य , क्रमश संख्या -02-02 नग स्लूव वाल्व की आपूर्ति का कार्य ,क्रमश संख्या-03 , किदवईनगर में स्थित एफ0एस0टी0पी0 प्लाट पर पानी की व्यवस्था हेतु 05 एच0पी0 मिनी नलकूप का अधिष्ठापन का कार्य ,क्रमश संख्या-04-01 नग नलकूप संख्या-67 (कृष्णापुरी) व 02 नग पालिका कार्यालय हेतु कुल 03 नग सर्वो स्टेब्लाइजर 75 के0वी0ए0 3 फेस ऑटोमेटिक/मैनूअल कन्ट्रोल की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य , क्रमश संख्या-05- नगर में मौहल्ला बंजारान , नवाबगंज पश्चिमी , छिम्पीवाडा व अहाता औलिया एवं त्यागी कन्फैक्शनरी के पास (नवाबगंज पश्चिमी) की संकरी गलियो के आबादी क्षेत्र में जिन स्थानों पर अग्निशमन वाहन पहुँच पाना सम्भव नहीं हो पाता है तथा आगजनहित अप्रिय घटनाओं की रोकथाम करने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से 05 नगर फॉयर हाईडेंट सिस्टम की आपूर्ति व अधिष्ठापन कार्य , क्रमश संख्या -06 नलकूप संख्या-52 के निकट स्थित उच्च जलाशय (ओवर हैड टैंक) के टैंक में लिकेज , स्लूव वाल्व व राईजिंग मैन ठीक कराने एवं सुरक्षा हेतु सीढियो की जाली एवं जनरेटर कक्ष का दरवाजा लगवाने का कार्य क्रमश संख्याा-07- वार्ड नं0-46 के अन्तर्गत ग्राम-सुजडू में बेगम किन्नर वाली गली में 110 एम0एम0डाया साईज की 200 मीटर पी0वी0सी0 पाईप लाईन डालने का कार्य , क्रमश संख्या-08-वार्ड नं0-40 मौहल्ला गंगारामपुरा में विभिन्न गलियों के भवनों के पानी की के लिए 105 मीटर नई ह्यूम पाईप डलवाने डालने का कार्य एवं क्रमश संख्या-09-वार्ड संख्या-21 मौहल्ला उत्तरी रामपुरी के पानी की निकासी हेतु 92 मीटर नई ह्यूम पाईप डलवाने का कार्य। हेतु सीलबन्द निविदाएं पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से दिनांक 16/02/2026 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म/ठेकेदार उक्त तिथि से एक दिन पूर्व टेण्डर फीस नकद, धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप मे ''अधिशासी अधिकारी'', नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी , को जमा कर निविदा फार्म जलकल विभाग नगर पालिका परिषद, से क्रय कर सकते है। प्राप्त निविदायें उसी दिन सायं 3:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष (यदि वे उपस्थित रहे) सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का समस्त अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद , मुजफ्फरनगर में निहित है। अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने की स्थिति में उक्त दिवस का कार्य आगामी कार्य दिवस में सम्पन्न होगा।

| S.No. | Particular | Qty. | Estimate without G.ST | 10% Earnest Of Money | Tender Cost+ 18% G.S.T. | Period Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नलकूप संख्या-38 पर अधिष्ठापित जरनेटर की चार दीवारी एवं गेट लगवाये जाने का कार्य। | 01 जॉब | 1,35,465.00 | 13,547.00 | 150+27=177.00 | 25 दिवस |
| 2. | स्लूव वाल्व की आपूर्ति का कार्य। | 02 नग | 2,65,755.00 | 26,575.00 | 200+36=236.00 | 20 दिवस |
| 3. | 05 एच0पी0 मिनी नलकूप का अधिष्ठापन का कार्य | 01 जॉब | 2,63,835.00 | 26,384.00 | 200+36=236.00 | 25 दिवस |
| 04. | 01 नग नलकूप संख्या- 67 (कृष्णापुरी) व 02 नग पालिका कार्यालय हेतु सर्वो स्टेब्लाइजर 75 के वी0ए0 3 फेस ऑटोमेटिक/मैनूअल कन्ट्रोल की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य। | 03 नग | 6,35,59.00 | 63,559.00 | 400+72=472.00 | 20 दिवस |
| 05. | फॉयर हाईडेंट सिस्टम की आपूर्ति व अधिष्ठापन कार्य। | 05 नग | 2,63,835.00 | 26,384.00 | 200+36=236.00 | 30 दिवस |
| 06. | नलकूप संख्या -52 के निकट स्थित उच्च जलाशय (ओवर हैड टैंक) के टैंक मे लिकेज, स्लूस वाल्व व राईजिंग मैन ठीक कराने एवं सुरक्षा हेतु सीढियों की जाली एवं जनरेटर कक्ष का दरवाजा लगवाने का कार्य | 01 जॉब | 4,16,485.00 | 41,648.00 | 300+54=354.00 | 30 दिवस |
| 07. | वार्ड नं0-46 के अन्तर्गत ग्राम-सूजडू में बेगम किन्नर वाली गली में 110 एम0एम0 डाया साईज की पी0वी0सी0 पाईप लाईन डालने का कार्य। | 200 मीटर | 1,84,220.00 | 18,422.00 | 150+27=177.00 | 12 दिवस |
| 08. | वार्ड नं0-40 मौहल्ला गंगारामपुरा में विभिन्न गलियो के भवनो के पानी के लिए ह्यूम पाईप डालने का कार्य। | 105 मीटर | 8,06,249.39 | 80, 625.00 | 500+90=590.00 | 30 दिवस |
| 09. | वार्ड संख्या -21 मौहल्ला उत्तरी रामपुरी के पानी की निकासी हेतु नई ह्यूम पाईप डलवाने का कार्य। | 92 मीटर | 7,30,640.44 | 73,064.04 | 450+81=531.00 | 30 दिवस |

नियम व शर्तें:-

01- प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक निविदादाता को नलकूप अधिष्ठापन, सर्वो स्टेब्लाइजर अधिष्ठापन, फॉयर हार्डडेंट सिस्टम अधिष्ठापन (Same/Similar), उच्च जलाशय के टैक मे लिकेज मरम्मत, पाईप लाईन डालने एवं ह्यूम पाईप डालने का सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग से निर्गत/जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र निविदा पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

02- प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक निविदादाता को अपना जी0एस0टी0 नम्बर, चरित्र प्रमाण पत्र व हैसियत प्रमाण पत्र जो जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत/जारी किया गया हो तथा वर्तमान में वैध हो। प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर राशि जो केवल बैंक एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम से बंधक व रु0 -100/- के स्टॉम्प पर नोटरी से सत्यापित कराकर स्व: घोषणा पत्र के रूप में (प्रस्तुत किये गये प्रपत्र पूर्णत्य सत्य है कोई किसी प्रकार का तथ्य छिपाया नही गया है) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में निविदा स्वत: ही निरस्त मानी जायेगी।

03- प्रत्येक निविदादाता को अंकन रु0 10/- के स्टाम्प पेपर जो नोटरी द्वारा सत्यापित हो की मेरी फर्म किसी भी प्रकार से ब्लैकलिस्ट नही है, का हलफनामा/वचन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

04- निविदा एल-1 स्वीकृति उपरान्त यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में कार्य संतोषजनक नहीं किया जाता है अथवा कार्य करने से इंकार किया जाता है तो निविदा निरस्त करते हुए फर्म की जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

05- निविदादाता द्वारा उक्त कार्य पर देय जी0एस0टी0 बैंक मे जमा करने उपरान्त जमा की गई धनराशि का चालान कार्यालय में जमा करने पर ही भुगतान किया जायेगा।

06- फर्म द्वारा उक्त कार्य को मानक के अनुसार व्ययानुमान विवरण/निविदा प्रपत्र में उल्लेखित तकनीकी विशिष्टियो के अनुरूप पूर्ण करना अनिवार्य होगा

07- प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक निविदादाता को कार्यो की निविदा दर को कोट करने से पूर्व साइट का स्थलीय निरीक्षण करना आवश्यक होगा।

08- कार्य पूर्ण होने पर यदि फर्म के भुगतान में किसी भी कतिपय कारण से विलम्ब होता है तो फर्म द्वारा भुगतान देय सम्बंधी विभाग के विरूद्ध न्यायपालिका में किसी भी प्रकार की याचिका दायर नही करेगी व कोई ब्याज नही दिया जायेगा।

09- निविदा स्वीकृति उपरान्त यदि फर्म द्वारा निर्धारित अवधी में कार्य संतोषजनक नहीं किया जाता है अथवा कार्य करने से इंकार किया जाता है तो फर्म को निर्गत किया गया विभागीय कार्यादेश निरस्त करने एवं फर्म की जमानत राशि जब्त करने का अधिकार पालिका प्रशासन में निहित होगा।

10- सशर्त निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा।

11- अनुबन्ध के समय विभाग द्वारा शर्तें घटाई व बढाई जा सकती है।

सहायक अभियन्ता (जल) — अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर — अध्यक्ष

